**आइआइटी** हैदराबाद व धनबाद से समझौता

# एआइ-एमएल तकनीक से बदलेंगे खनिज खोज के तरीके

## राजस्थान में नई माइनिंग पहल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर . प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर राजस्थान के खनन सेक्टर को नई दिशा देने वाले दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। आरएसएमईटी और आइआइटी हैदराबाद के बीच होने वाले एमओयू के तहत क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के अन्वेषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) एवं मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीक का उपयोग किया जाएगा। चार चरणों में संचालित होने वाली यह परियोजना 18 माह में पूरी होगी।

दूसरा एमओयू आरएसएमईटी और आइआइटी-आइएसएम धनबाद के बीच किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश में चिन्हित 80 खदान डम्प्स और टेलिंग्स का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाएगा। एकवर्षीय इस परियोजना में मैपिंग, सैंपलिंग और मिनरलॉजिकल एनालिसिस के माध्यम से टंगस्टन, लिथियम जैसे खनिजों की संभावनाओं का आकलन किया जाएगा। यह जानकारी प्रमुख खान सचिव टी. रविकान्त ने दी।